बड़ा अच्छा लगता है | by Amit Kalra Meetu

ना पैसा लगता है ना खर्चा लगता है
जय श्री श्याम बोलिये बड़ा अच्छा लगता है
ना पैसा लगता है हो हो ....

एक शीतलता आ जाती नाम श्याम का लेने से
सारी चिंता मिट जाती हाथ श्याम को देने से
उसका हाथ थामता वो जो सच्चा लगता है
जय श्री श्याम बोलिये बड़ा अच्छा लगता है
ना पैसा लगता है हो हो ....

ना ही श्रद्धा ना भक्ति ना ही प्रीत भाव जिसमे
ना दर्शन पाने की इच्छा ना मिलने का चाव जिसमे
ऐसा भक्त श्याम को स्वार्थ से कच्चा लगता है
जय श्री श्याम बोलिये बड़ा अच्छा लगता है
ना पैसा लगता है हो हो ....

सब कुछ उसपे छोड़ के हाथ प्रेम से जोड़ के
आता है जब भक्त शरण में सबसे नाता तोड़ के
निर्मल मन का भक्त श्याम को बच्चा लगता है
जय श्री श्याम बोलिये बड़ा अच्छा लगता है
ना पैसा लगता है हो हो ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%85%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9b%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by/